योजना का नाम– जनपद अल्मोडा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अंतर्गत पूनागढ–नाटाडोल मोटर मार्ग से सैम मन्दिर से नौली तक मोटर मार्ग। लम्बाई 3.00 कि0मी0

संलग्नक सं0–1.5

## प्रारूप–11

## प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि के मॉग का पूर्ण औचित्य

इस मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–**813/III(2)/15 –03 (मु0मं0घो0)/2014, दिनांक 17 मार्च, 2015** के द्वारा 3.00 कि0मी0 की लम्बाई हेतु रू 25.49 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। यह मोटर मार्ग पूर्व निर्मित पूनागढ–नाटाडोल मोटर मार्ग के कि0मी0 2.00 से प्रस्तावित किया गया है। यह प्रस्तावित मोटर मार्ग सिविल बेनाप, वन पंचायत व नाप भूमि से होकर गुजरता है। ग्राम– नाटाडोल में कोई भी मोटर मार्ग न होने के कारण यह मोटर मार्ग बनना प्रस्तावित किया गया है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुँचाने की सुविधा प्राप्त होगी। ग्राम– नाटाडोल में मोटर मार्ग न होने के कारण स्थानीय लोग शहरों की ओर पलायन कर रहे है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा। ग्राम– नाटाडोल में फल उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है जिसे बाजार तक पहुचाने हेतु मोटर मार्ग की नितान्त आवश्यकता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए वैकल्पिक उचित स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे। अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित मार्ग उपयुक्त है।

अमीन
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

कनिष्ठ अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

वन क्षेत्राधिकारी
उत्तरी गौला वन क्षेत्र
नैनीताल वन–प्रभाग, नैनीताल

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

उप प्रभागीय वनाधिकारी (मु0)
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल.

प्रभागीय वनाधिकारी
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल